क्रमांक -21।

# मध्यप्रदेश विधान सभा

**पत्रक भाग – दो**

**सोमवार, दिनांक 29 जून, 2026 (आषाढ़ 8, 1948)**

**ई-मेल आई.डी. का सतत् उपयोग.**

मध्यप्रदेश विधान सभा सचिवालय द्वारा राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (NIC) के सहयोग से सभी वर्तमान विधान सभा के सदस्यों को सचिवालय द्वारा आधिकारिक ई-मेल आईडी (e-Mail ID) उपलब्ध कराई गई है. राष्ट्रीय ई-विधान परियोजना (नेवा) एवं ई-आफिस के माध्यम से सचिवालय की कार्य प्रणाली डिजीटल/कम्प्यूटराईज्ड होने की ओर अग्रसर है, जिसके परिणाम स्वरूप भविष्य में सचिवालय द्वारा किए जाने वाले सभी प्रकार के आधिकारिक पत्र व्यवहार, सूचनाएं और महत्वपूर्ण दस्तावेज माननीय सदस्यों को उपलब्ध कराये गये आधिकारिक ई-मेल आईडी पर भेजे जायेंगे.

अत: माननीय सदस्यों से अपेक्षा की जाती है कि इस आधिकारिक ई-मेल आईडी को नियमित रूप से लॉगिन करें और इसे सतत उपयोग (Active) में बनाए रखें. लंबे समय तक उपयोग न किए जाने की स्थिति में यह ई-मेल आईडी सुरक्षा कारणों से स्वतः ही निष्क्रिय (Deactivate) हो जाती है. असुविधा से बचने एवं सचिवालय के पत्र व्यवहार इत्यादि की उपलब्धता को दृष्टिगत रखते हुए उक्त ई-मेल आई.डी. को माह में कम से कम एक बार आवश्यक रूप से लॉगिन/उपयोग किया जाना आवश्यक है.

**प्रमुख सचिव,**
मध्यप्रदेश विधान सभा.